जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

3 मार्च, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल ने सिविल इंजीनियरिंग में उभरते प्रतिमानों पर गोलमेज कॉर्पोरेट पूर्व छात्र बैठक का आयोजन किया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल (यूपीसी) ने 28 फरवरी, 2025 को सिविल इंजीनियरिंग में उभरते प्रतिमानों पर गोलमेज कॉर्पोरेट पूर्व छात्र बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 17 प्रतिष्ठित पूर्व छात्र शामिल हुए जिन्होंने सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिनमें श्री अनुभव कुमार झा (क्षेत्रीय हेड, आरएमसी, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड), श्री नदीम अहमद (मुख्य अभियंता प्रबंधक, एलएंडटी), श्री मिर्जा जफर बेग (निदेशक, एनएस एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड) और श्री इमरान खान सूरी (निदेशक, सूरी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड) शामिल हैं।

बैठक में विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र प्लेसमेंट समन्वयक भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. राहेला फारूकी (मानद निदेशक, यूपीसी) और प्रो. सबा खान (मानद उप निदेशक, यूपीसी) के स्वागत भाषण से हुई जिसके उपरांत प्रो. रिहान खान सूरी (टीपीओ और निदेशक, सीआईई) ने उद्घाटन भाषण दिया। चर्चा जामिया मिल्लिया इस्लामिया में सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के लिए सहयोगी अवसरों पर केंद्रित थी।

कार्यक्रम का समापन प्रो. फरहान ए. किदवई (अध्यक्ष, सिविल इंजीनियरिंग विभाग) के समापन भाषण के साथ हुआ जो एक अंतर्दृष्टिपूर्ण एवं प्रभावशाली पूर्व छात्र सम्मेलन के सफल समापन को चिह्नित करता है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया